'मुख्यमंत्री के गुणगान के बजाय सत्ता पक्ष यह बताता कि बजट के कितने वादों पर खरे उतरे'

उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने पूछा कि, वित्त विनियोग विधेयक के माध्यम से सरकार बजट को पास कराएगी, मगर जितनी राशि की सरकार अनुमति ले रही है, वह पैसा आखिर आएगा कहां से?

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर । उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सदन में वित्त-विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी बजट घोषणाओं पर सवाल उठाए। राठौड़ ने कहा कि यह बजट सिर्फ आभासी, कपोल-कल्पित और जनता को भ्रमित करने वाला है। सत्तापक्ष ने केवल मुख्यमंत्री का गुणगान किया, अच्छा होता कि सत्तापक्ष यह बात रखता कि हम अब तक के बजट के कितने वादों पर खरे उतरे। मुझे पता है कि सीएम दो-चार बातें हमें कहेंगे, लेकिन हमारी बातों का उत्तर नहीं देंगे। राठौड़ ने यह तक दावा किया कि रिफाइनरी का उद्घाटन भाजपा की सरकार करेगी।

राठौड़ ने कहा कि वित्त विनियोग विधेयक के माध्यम से सरकार इस बजट को पास कराएगी, मगर जितनी राशि की सरकार अनुमति ले रही है, वह पैसा आखिर आएगा कहां से ? सरकार के लोग केन्द्र सरकार पर पानी पी-पीकर आरोप लगाते हैं, लेकिन उन्हें सोचना चाहिए कि खर्चे का ज्यादातर पैसा केन्द्र से ही मिल रहा है। राठौड़ ने कहा कि मैंने पहली बार वसूली की नई एंट्री देखी है। यह एंट्री 12 हजार 900 करोड़ रुपए की है, मगर वसूली होती नहीं है। सिर्फ बजट साइज को बढ़ाना है इसलिए यह नई एंट्री की गई।

- **उन्होंने कहा कि, सरकार के लोग पानी पी-पीकर केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हैं, लेकिन उन्हें सोचना चाहिए कि खर्चे का ज्यादातर पैसा केन्द्र से ही मिल रहा है।**
- **राठौड़ ने विधानसभा में मुख्यमंत्री की कम उपस्थिति पर चुटकी लेते हुए कहा, राज्यपाल के अभिभाषण पर रिप्लाई, बजट पढ़ने और आज बजट पर रिप्लाई की आपकी मजबूरी रह गई। वरना बजट के प्रति कितना कमिटमेंट हैं, यह आपकी सदन में उपस्थिति से पता चलता है।**

राठौड़ ने कहा कि मैं ओल्ड पेंशन स्कीम यानि ओपीएस का विरोध नहीं हूं। मगर सरकार पेंशन देने के लिए पैसा कहां से लाएगी। आपने ओपीएस को लागू किया, मगर पैसे को प्रबंध तो करो। इस ओपीएस के लिए 2024-25 में 30 हजार करोड़ रुपए का सरकार पर भार आएगा। आप आने वाली सरकारों के लिए कंटीला मार्ग छोड़कर जा रहे हो।

राठौड़ ने कहा कि संविदाकर्मियों को नियमित करने के जो रूल्स बनाए गए हैं, उनसे 1.10 लाख में 10-12 हजार का भी नियमितिकरण नहीं हो पाएगा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने साढ़े चार 4 साल बीते चुके, अंतिम बजट आ गया, मगर सरकार जवाबदेही कानून नहीं लाई। तीन वर्षों में पर्यटन का पूरा पैसा खर्च नहीं किया गया। स्कूल बहुत खोल दिए, मगर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए तो पैसा ही नहीं दिया। जलवायु नीति की घोषणा हुई थी, मगर यह नीति नहीं आई। नतीजा यह है कि विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में राजस्थान के चार शहर शामिल हैं। स्कूली छात्राओं को ड्रेस आज तक नहीं मिल पाई है। समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद शुरू नहीं हो पाई है।

इसके बाद राठौड़ ने ईआरसीपी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस पर पूरा भाषण देगे। इन्होंने योजना पर 13 हजार करोड़ के व्यय की घोषणा की थी, मगर पिछले वर्ष जितना पैसा इस योजना के मद में रखा गया, उसके मुकाबले केवल 1284 करोड़ रुपए खर्च किया गया। मैं सीएम से पूछता चाहता हूं कि केवल इस मुद्दे को जिंदा रखना है या फिर काम करना है।

उपनेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरते हुए कहा कि, 15वीं विधानसभा का यह सत्र राजस्थान के इतिहास में याद किया जाएगा। इस विधानसभा में सीएम ने भी रिकॉर्ड बनाया है। मैं कई बार का सदस्य हूं, लेकिन सबसे कम विधानसभा में उपस्थिति मुख्यमंत्री की रही। राज्यपाल के अभिभाषण पर रिप्लाई, बजट पढ़ने और आज बजट पर रिप्लाई की आपकी मजबूरी रह गई। आपका बजट के प्रति कितना कमिटमेंट हैं, यह आपकी सदन में उपस्थिति से पता चलता है।

राठौड़ ने कहा कि सत्तापक्ष ने स्तुति गान किए। मगर आपने पिछले बजट के कुछ पन्ने पढ़ दिए। मैं आपको गांधीवादी मानता हूं, मगर सावचेत कर रहा हूं कि ढाई दर्जन विधायक आपके खिलाफ बोले हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता कुछ महीने बाद लग जाएगी। आप राजस्थान में जाएंगे, मगर आपको तख्ती लिए लोग मिलेंगे कि बजट की घोषणाएं पूरी नहीं हुई है। आपको काले झंडे भी दिखाए जा सकते हैं। राठौड़ ने सीएम सलाहकार संयम लोढ़ा पर भी कटाक्ष किया और कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट बनाते समय आपको याद नहीं किया। मैं अपका शुभचिंतक हूं।

एस.के.आई.टी. में पूर्व छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी की ओर से वर्ष 2004 से 2021 बैच के स्नातक छात्रों के लिए एलुमनी मीट रखी गई।

जयपुर, (का.सं.)। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (एस.के.आई.टी.), मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन ने 2004-2021 बैच के स्नातक छात्रों के लिए अंदाज बाग, जगतपुरा में एलुमनी मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के पूर्व छात्र संघ ने किया। यह लगभग 515 पूर्व छात्रों की उपस्थिति के साथ एक भव्य शाम साबित हुई, जिन्होंने अपने शिक्षकों और दोस्तों के साथ अपनी सुखद यादों और अनुभवों को संजोया।

संस्थान के चेयरमन सुरजाराम मील ने आये हुए सभी एलुमनी छात्रों का स्वागत किया, तथा उन्हें अपने जीवन में एक छाप छोड़ने के लिए बधाई दी। उन्होंने संस्थान के लिए इस तरह के गौरवपूर्ण क्षण लाने के लिए सभी छात्रों की प्रशंसा की। निदेशक अकादमिक, प्रोफेसर एसएल सुराना ने भी पूर्व छात्रों का स्वागत किया और उन्हें संस्थान के विकास में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया। एसकेआईटी के निदेशक जयपाल मील ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बड़ी संख्या में निमंत्रण स्वीकार करने वाले पूर्व छात्रों के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। पहले बैच के कई छात्रों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया और कुछ अनकही कहानियाँ अपने जूनियर्स से साझा कीं।

इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रार रचना मील, प्राचार्य प्रो. रमेश कुमार पचार और इंजीनियरिंग और एमबीए विभागों के प्रमुख और संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। आयोजन के समन्वयक महेंद्र बेनीवाल और डॉ. नेहा पुरोहित ने एसकेआईटी एलुमनी एसोसिएशन की विभिन्न पहलों के बारे में पूर्व छात्रों को अवगत कराया। शाम को ऊर्जा द बैंड की शानदार परफॉर्मेंस भी देखी गई और मेहमानों ने रॉकिंग डीजे म्यूजिक की धुनों पर डांस किया।

संक्षिप्त

70 तरह के फूलों से खिला सचिवालय

जयपुर, (कासं) । राजस्थान की प्रशासनिक शक्ति का केंद्र शासन सचिवालय इन दिनों 70 से भी अधिक प्रजातियों के फूलों से गुलजार है। विविध किस्मों के फूलों का सतरंगी संसार आगंतुकों के स्वागत में खिला नजर आता है। आंखों को सुकून देते बोगनविलिया के 40 रंगों के फूलों की कतारें जहां बरबस मन को बांध लेती हैं, वहीं फूलों के राजा गुलाब की भी 10 से अधिक किस्में अपनी महक से समूचे परिसर को सुरभित किए हुए है। शासन सचिवालय उद्यान में खिले विविध रंगी पुष्पों में पिटुनिया, साल्विया पैन्जी, आस्टर फलोक्स, पनसेटिया, बरबीना, केलेन्डुला, नस्ट्रेशियम, लार्कस्पर गेंदा, लीजम, बिगोनिया, गजेनिया, सिनरेरिया, स्वीटपी डहेलिया, डिमारपोथी, एन्ट्राइनम, क्राइसेन्थीमम के साथ गुलाब की 10 प्रजाति व बोगनविलिया के 40 रंगों के फूल शामिल हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक (उद्यान) सुरेश नारायण शर्मा की देखरेख में इस फुलवारी को कार्मिक विभाग की ओर से तैयार किया गया है। शर्मा का कहना है कि गर्मी की फुलवारी लगने की अभी से तैयारी हो रही है। उद्यान का लॉन भी हरा-भरा मनमोहक लग रहा है, जिससे यहां आने वाले आगन्तुकों को आनंद की अनुभूति हो रही है।

युवक से बाइक और नकदी लूटी

जयपुर । करधनी थाना इलाके में एक युवक के साथ लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार नांगल पुरोहितान निवासी नरेंद्र कुमार योगी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका बेटा प्रशांत 7 मार्च की रात को जयपुर अपनी नानी के घर जा रहा था। वह निवारू पुलिया के पास अचेत मिला तो उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों जबड़े, नाक की हड्डी और ललाट पर फ्रैक्चर के कारण वह बोलने की हालत में नहीं था। अब उसने बताया कि उसके साथ मारपीट कर बाइक, बीस हजार रुपए और सोने के आभूषण लूट लिए गए।

हथियार लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ा

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने विधायकपुरी इलाके में एक बदमाश को देशी पिस्टल लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि सीएसटी ने आरोपित मोहम्मद सद्दाम (32) निवासी गांव पोस्ट बोराज मौजमाबाद (जयपुर ग्रामीण) का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध देसी पिस्टल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद फिलहाल वैशाली नगर में कैफे में पार्टनरशिप में काम करता है।

दुष्कर्म केस में फरार आरोपित पकड़ा

जयपुर । ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने एक साल से फरार नाबालिग पीडिता को बहला-फुसलाकर घर से ले जाकर दुष्कर्म करने वाले एक आरोपित रोहिताश मीणा निवासी माउंट रोड ब्रह्मपुरी को को गिरफ्तार किया है।

500 किलो अवैध गांजे के साथ जयपुर पुलिस ने 5 तस्कर दबोचे

उडीसा से गांजा लाकर दिल्ली और राजस्थान में सप्लाई करते थे बदमाश

जयपुर (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बाड़ी सदर (धौलपुर) में कार्रवाई करते हुए 5 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 क्विंटल अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से गांजा सप्लाई करने के लिए लाए गए दो वाहनों को भी जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित उडीसा से गांजा लाकर दिल्ली और सपोटरा करौली में सप्लाई करते थे। पुलिस ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत अब तक 1 हजार 430 प्रकरण दर्ज कर 1 हजार 819 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) कैलाश चन्द

- **पुलिस टीम ने बदमाशों की पिकअप और एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी जब्त की**

विश्नोई ने बताया कि सीएसटी टीम ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बाड़ी सदर जिला धौलपुर में कार्रवाई करते हुए आरोपी तस्कर लेखराज उर्फ मोनू मीना (28) निवासी सपोटरा जिला करौली, देशराज मीना (35) निवासी सपोटरा जिला करौली,वाकिब (30) निवासी गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर, साबिर खां (32) निवासी गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर और अमजद (35) निवासी गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से 5 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गांजा सप्लाई करने के लिए लाए गए दो वाहनों को भी जब्त किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि लेखराज उर्फ मोनू मीना मास्टर माइंड है। गांजा तस्करी के लिए राजस्थान से रवाना होते हुए नए मोबाइल सिम प्राप्त कर उडीसा जाते है और वहां से गांजा खरीदने के बाद उडीसा से नई मोबाइल सिम प्राप्त करते है। नेटवर्क डोंगल से वाई-फाई कनेक्ट करके एक दूसरे के सम्पर्क में रहते है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपी लेखराज उर्फ मोनू कार होण्डासिटी से 15-20 किलोमीटर आगे चलकर पिकअप में सवार बदमाशों को लाइव लोकेशन देकर एवं पुलिस से बचाव करते हुए एस्कॉर्ट कर उडीसा से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान होते हुए दिल्ली लेकर जा रहा था।

जयपुर पुलिस ने बाड़ी (धौलपुर) में कार्रवाई करते हुए 5 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया।

आरोपित उडीसा से 8 हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से गांजा खरीदते है और उसे 13 से 14 हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से बड़ी मात्रा में सप्लाई करते है। वहीं जानकारी में सामने आया कि गांजा सपोटरा एवं दिल्ली में रवि मीना को सप्लाई करते है। जिसकी एवज में रवि मीना प्रति चक्कर के हिसाब से खर्चा पानी के अलावा डेढ़ लाख रुपए नकद देता है। फिलहाल आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त समेत गिरोह के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पिस्तौल की नोंक पर दो दोस्तों का अपहरण कर लूट

जयपुर (कासं)। करधनी थाना इलाके में अपहरण कर दो दोस्तों से लूट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पिस्तौल के दम पर बदमाशों ने दोनों को जमकर पीटा। वहीं आरोपितों ने पुलिस शिकायत करने पर मारकर नदी में फेंकने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित के पिता की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि गणेश नगर विस्तार निवारू रोड निवासी जितेन्द्र सिंह (42) ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका बेटे वैभव और उसके दोस्त देवांश का अपहरण कर लूट की वारदात हुई है। 15 मार्च को बड़े भाई अभिजित योगी ने शादी की सालगिरह की पार्टी चौधरी ढाबे पर रखी थी। वैभव अपने दोस्तों के साथ पार्टी में खाना खाकर घर लौट रहा था। कालवाड़ चौकी से निवारू पुलिया की तरफ आते समय सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी वर्ना कार को सामने से टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो से 7-8 लड़के उतरे और पिस्तौल के दम पर जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने लगे। बदमाशों ने वैभव और देवांश को पकड़ लिया। दोस्त आशीष और मानवेन्द्र वहां से भाग गए। बदमाशों ने वैभव और उसके दोस्त देवांश का मुंह शर्ट से ढक दिया। स्कॉर्पियो गाड़ी से उतारकर दोनों को स्विफ्ट कार में बैठा दिया। बेल्ट से मारते हुए दोनों को ले गए और उनसे चांदी की चेन और 5 हजार रुपए लूट लिए। वहीं पिस्तौल लगाकर बदमाशों ने किसी को नहीं बताने पर मार के नदी में फेंकने की धमकी दी। इसके बाद उनको छोड़कर बदमाश फरार हो गए।

प्रदेश में एक ही दिन में 23 नए करोना संक्रमित

-कार्यालय संवाददाता-

- **राज्य में एक्टिव केस बढ़कर 100 के करीब पहुंचे**

जयपुर । प्रदेश में एक बार फिर करोना संक्रमण जोर पकड़ने लगा है। इसके चलते शुक्रवार को एक ही दिन में 23 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच केवल एक ही मरीज के रिकवर होने से एक्टिव केस बढ़कर 100 के करीब पहुंच गए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को सात जिलों में 23 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को इनकी संख्या 14 रही थी। आज राज्य में सबसे ज्यादा जयपुर और भीलवाड़ा में 6-6 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जालोर में 5, उदयपुर में 3, अजमेर, बीकानेर और गंगानगर में 1-1 नया मरीज पाया गया है। इस बीच प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में एक मरीज रिकवर हुआ है। राज्य में नए संक्रमितों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से व रिकवरी घटने से एक्टिव केस बढ़कर 92 हो गए हैं। इनमें उदयपुर में 28, जयपुर में 24, भीलवाड़ा में 11, राजसमंद में 10, बीकानेर में 6 जालोर में 5, अजमेर व जोधपुर में 3-3, चूरू और गंगानगर में 1-1 मामला है। प्रदेश में शुक्रवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9556 लोगों की मौत हो चुकी है।

सार-समाचार

विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधि मिश्र से मिले

जयपुर । विप्र फाउंडेशन ने शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर ईडब्ल्यूएस की विसंगतियों एवं मेहंदीपुर बालाजी के विप्र महाकुंभ में पारित प्रस्ताव को सरकार को भेज इन बिंदुओं को लागू कर आर्थिक पिछड़ा वर्ग को लाभान्वित करने के निर्देश देने का आग्रह किया हैं। मिश्र से राजभवन में मुलाकात करने वालों में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं मावली विधायक धर्म नारायण जोशी, अलवर विधायक संजय शर्मा, विप्र फाउंडेशन जॉन-1 डी के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन 1 के अध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट, महामंत्री सतीश शर्मा शामिल थे। ईडब्ल्यूएस को राजनीतिक आरक्षण तथा अन्य विसंगतियों को दूर करने की मांग विप्र फाउंडेशन के मेहंदीपुर बालाजी में संपन्न विप्र महाकुंभ में उठी थी। महाकुंभ में सरकार से जुड़ी इन मांगों को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया गया था। मांगों के साथ प्रत्येक तहसील में ब्राह्मण छात्रावास निर्माण के लिए इच्छुक संस्थाओं को टोकन मनी पर भूमि आवंटित करने, हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने, हिन्दू धर्म व देवी देवताओं के सम्मान की सुरक्षा के लिए इसके लिए अलग से हिन्दू रिलीजियस एक्ट बनाने की मांग की गई है। राजकीय भर्तियों में हुई धांधली के कारण योग्य युवाओं को नौकरियों से वंचित रखने वाले दोषियों की उच्च स्तरीय जांच करवाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

कुत्तों ने नोंच खाया मानव भ्रूण

जयपुर (कासं)। वैशाली नगर इलाके की कॉलोनी रोड पर मानव भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। भ्रूण को आवारा कुत्ता मुंह में लेकर घूम रहा था। भ्रूण के दोनों हाथ और एक पैर कुत्तों के नोंच खाने के गायब मिले। लोगों की सूचना पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर कांवटिया अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखा गया। जहां पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया। पुलिस ने बताया कि खातीपुरा रोड महाराणा प्रताप नगर निवासी विवेक गोयल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 13 मार्च की रात करीब 8:30 बजे उनको घर के बाहर मेन गेट के सामने मानव भ्रूण पड़ा मिला। बच्चों ने कॉलोनी की रोड पर मानव भ्रूण पड़े देखकर उन्हें बताया था। भ्रूण मिलने का पता चलने पर कॉलोनी के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआवना कर भ्रूण को कब्जे में लिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए कावंटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया कि भ्रूण करीब 8-9 महीने के नवजात शिशु का था। कचरे में फैंके भ्रूण को कुत्तों ने नोंच खाया। इसके बाद कुत्ते मुंह से उठाकर भ्रूण को कॉलोनी की रोड पर फेंक गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद भ्रूण को दफना दिया। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

केन्द्र पर बेवजह आरोप गलत : राजवी

जयपुर (विसं)। बीजेपी विधायक नरपत सिंह राजवी ने कहा कि राज्य सरकार का वित्तीय मैनेजमेंट ठीक नहीं है। आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए। बार-बार केंद्र सरकार पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा। केंद्र सरकार ने पूरी मदद की है। कोविड के समय पूरी वैक्सीनेशन का पैसा दिया। आप वैक्सीन के लिए ग्लोबल टेंडर करने चले थे, लेकिन क्या हुआ? केंद्र सरकार पर दोषारौपण से पहले खुद की हालत देखनी चाहिए। सांगानेर (जयपुर) से विधायक लाहोटी ने कहा कि सरकार ने ओरेकेल पर ऑनलाइन फाइलिंग और पूरे सॉफ्टवेयर को शिफ्ट करने पर 500 करोड़ में निजी कंपनी को काम दिया जबकि यही काम सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एनआईसी केवल 65 करोड़ में करने को तैयार थी। मिड डे मील और पोषाहार का काम बिना टेंडर दिया गया। जानवरों वाला खाना बच्चों को दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सलाहकार विधायक संयम लोढा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री वॉयस सैंपल दीजिए। राजस्थान सरकार को गिराने की कोशिश की या नहीं, यह सब जानते हैं। बीजेपी के मित्रों को मालूम है कि आवाज किसकी थी।

दो थानाधिकारी लाइन हाजिर

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को काले झंडे दिखाने के मामले में जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से दो थाना अधिकारियों को रिजर्व पुलिस लाइन हाजिर करने का आदेश दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी अब्दुल वहीद और महिला थाना जयपुर पूर्व एकता राज को राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को काले झंडे दिखाने में लापरवाही बरतने को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया है। गौरतलब है कि गुरुवार को लापरवाही को लेकर प्रारंभिक अनुसंधान में सब इंस्पेक्टर राकेश मीणा, एएसआई धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल राजेश कुमार, गजेंद्र, सुरेंद्र कुमार, राधेश्याम की लापरवाही सामने आई है। इस पर इन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था। ज्ञात रहे कि मंगलवार को सीएम अशोक गहलोत राजस्थान विश्वविद्यालय में लॉ कॉलेज के कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। यहां से वापस लौटते समय यूनिवर्सिटी के गेट के बाहर मुख्यमंत्री के काफिले को रोककर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए थे।

मंत्रालयिक कर्मचारियों का अनशन शहीद स्मारक पर दूसरे दिन भी जारी

जयपुर,(कासं)। सरकार द्वारा मंत्रालयिक कर्मचारियों की उपेक्षा किए जाने से आक्रोशित मंत्रालयिक कर्मियों का 5 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन आज शहीद स्मारक पर दूसरे दिन भी जारी रहा। विभिन्न मंत्रालयिक संगठनों ने मिलकर मंत्रालयिक एकता मंच के तत्वावधान में कल सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति में कोर कमेटी सदस्य राजेश पारीक के नेतृत्व में क्रमिक अनशन प्रारंभ किया था। आज वरिष्ठ कर्मचारी नेता महेंद्र सिंह धायल के नेतृत्व में सतीश चंद शर्मा, सुभाष चंद्र लुगरिया, ओम प्रकाश सेन और संदीप माथुर क्रमिक अनशन पर बैठे।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा द्वितीय पदोन्नित के पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ठोड पे 4200 करने, एक नया पदोन्नित का पद उप निदेशक प्रशासन ठोड पे 8700 में सृजित करने, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों के काटे गए पदों को बहाल करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने, पंचायती राज संस्थाओं के कार्मिकों को भी राज्य कर्मचारी मारते हुए अन्य विभागों के समान पदोन्नित के पद सृजित करने तथा गृह जिला समायोजन, कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने, पदोन्नित हेतु अनुभव में पूर्ण शिथिलता देने, चिकित्सालय एवं विद्यालयों में मंत्रालय कर्मचारियों को 5 दिन का सप्ताह करने की मांग प्रमुख है।

चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करनी पड़ेगी : मुख्यमंत्री

जयपुर (विसं)। विधानसभा में बजट बहस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम (ओ.पी.एस.) पर चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी को भी फैसला करना होगा। आप संभल जाइए, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र में कई राज्यों में मांग उठ रही हैं। जब 65 साल में कांग्रेस ने ओपीएस लागू करके आगे बढ़ाया। पंडित नेहरू के पास दूरदृष्टि थी, उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। आज प्रधानमंत्री मोदी जिस आधुनिक भारत पर गर्व करते हैं, उसके निर्माता कांग्रेस और कांग्रेस के नेता है। राजस्थान में 30 मार्च से 25 लाख रुपए वाली नई चिरंजीवी योजना लागू होगी। गहलोत ने कहा कि हम कर्मचारियों को शेयर बाजार के भरोसे कैसे छोड़ सकते हैं। कैग और ज्यूडिशियरी ने एनपीएस लागू करने से मना कर दिया। ओपीएस को लेकर हमारे खिलाफ आर्टिकल आ रहे हैं, अब तक ओपीएस से ही देश चला है, अब क्या दिक्कत है।

- **राजस्थान में हम 35 वर्ष सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ सकते : गहलोत**

कर्ज को लेकर गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को कोविड में स्पेशल छूट दी थी, उसके आधार पर अतिरिक्त कर्ज लिया। विपक्ष कर्ज को लेकर गुमराह कर रहा है। हमारा वित्तीय प्रबंधन शानदार रहा है। राज्य सरकारें निवेश करती है, वह 95 फीसदी पैसा आरबीआई से वापस ले सकती है। हमने इसीलिए आरबीआई से कर्ज लिया। बाजार से लेते तो ज्यादा ब्याज देना पड़ता। आरबीआई ने इसे बुद्धिमत्ता वाला कदम माना है। गहलोत ने कहा कि जब बुद्धिमत्ता से काम लेंगे तभी बढ़िया बजट पेश कर सकेंगे। गहलोत ने कहा कि बीजेपी सरकारों ने जीएसडीपी का 36 फीसदी तक कर्ज लिया था। हमने कर्ज कम किया था। हमने हमारे कार्यकाल में जो कर्ज लिया था, वह बीजेपी से कम था। हमारा कर्ज बीजेपी राज की तुलना में 10 फीसदी है। बीजेपी के वक्त 50 फीसदी कर्ज बढ़ा था।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान ने जिस तरह ग्रो किया है, उसका हमें गर्व होना चाहिए। सबसे ज्यादा यूनिवर्सिटी राजस्थान में हैं। बीजेपी राज में अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी और हरिदेव जोशी पत्रकारिता यूनिवर्सिटी को बंद कर दिया। देश के इतिहास में पहली बार हुआ जब किसी यूनिवर्सिटी को खोलकर बंद किया। राजस्थान में आज आईआईटी, आईआईएम जैसी प्रीमियम संस्था आ गईं। लोग कहते हैं कि इनसे वोट नहीं मिलते हैं, हम केवल वोट ही नहीं देखते हम युवाओं का भविष्य भी देखते हैं। गहलोत ने कहा कि हम बजट पर बहुत फास्ट चल रहे हैं। ज्यादातर स्वीकृतियां जारी कर दी। मैंने विभाग के सचिवों को बुलाकर एबीसी तीन कैटेगरी बना दी। हमने हमारे घोषणा पत्र के 80 फीसदी वादे पूरे कर दिए।

चूड़ी कारखाने से 7 बालश्रमिक छुड़ाए

जयपुर (कासं)। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पढ़ाई के नाम पर छोटे बच्चों को बिहार से जयपुर लाकर उनको बालश्रम में धकेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चूड़ी कारखाने से सात बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और साथ ही एक आरोपित कारखाना संचालक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के संजय नगर स्थित एक मकान में चल रहे चूड़ी बनाने कारखानों पर दबिश दी गई । जहां पर कारखाने में चूड़ी बनाते मिले सात बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। बाल श्रम कराने के आरोप में कारखाना संचालक इनामुल्लाह उर्फ सोनू निवासी आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ उत्तरप्रदेश हाल संजय नगर भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया गया है।